# NEWS COVERAGE REPORT

# OF

# CULTURE DEPARTMENT

# FOR

# 29 JANUARY 2025

# DAILY NEWS

## महाकुंभ में श्रद्धालुओं को लुभा रहीं सांस्कृतिक झांकी

| Publication | अमर उजाला (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 29 JAN 2025 | Page 06 |
|---|---|---|---|---|

# कलाकुंभ में रोजाना पहुंच रहे नौ-दस हजार लोग

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। महाकुंभ के सेक्टर 7 में संस्कृति विभाग की ओर से लगाए गए कलाकुंभ में अभिलेखों की प्रदर्शनी श्रद्धालुओं को काफी आकर्षित कर रही है। यहां रोजाना 9-10 हजार लोग पहुंच रहे हैं। कलाकुंभ में श्रद्धालु प्रदेश की कला, संस्कृति, पुरातत्व के साथ 3डी माध्यम से महाकुंभ की जानकारी ले रहे हैं।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कलाकुंभ में सांस्कृतिक और कलात्मक गतिविधियां भी हो रही हैं। इससे पर्यटकों व श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव मिल रहा है। साथ ही रोजाना संगीत, नृत्य-नाटक की प्रस्तुति हो रही है। प्रदर्शनी में किड्स जोन, एआर-वीआर सेक्शन और क्विज जैसी गतिविधियां भी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि श्रद्धालु विशिष्ट अनुभव लेकर लौटें।

कलाकुंभ प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर, इतिहास और पुरातात्विक खजानों का एक अद्भुत संग्रह पेश कर रहा है। कलाकुंभ में राजकीय अभिलेखागार, राज्य पुरातत्व निदेशालय, राज्य ललित कला अकादमी और उप्र लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान प्रदेश की सांस्कृतिक झांकी श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही है।

## महाकुंभ में श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही सांस्कृतिक झांकी



महाकुंभ के सेक्टर 7 में लगे कलाकुंभ में प्रदर्शनी देखते श्रद्धालु। -विभाग

| Publication | आज (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 29 JAN 2025 | Page 02 |
|---|---|---|---|---|

# श्रद्धालुओं को लुभा रहीं सांस्कृतिक झांकी

लखनऊ, । स्वच्छ सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित महाकुम्भ प्रयागराज के सेक्टर 07 में संस्कृति विभाग द्वारा लगाए गए कलाकुंभ में अभिलेखों की अनूठी प्रदर्शनी श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां प्रतिदिन औसतन 09 से 10 हजार लोग प्रदेश की कला संस्कृति, पुरातत्व के साथ 3डी माध्यम से महाकुंभ की जानकारी ले रहे हैं। बीते एक पखवारे में लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों ने कलाकुंभ का भ्रमण किया है। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कलाकुंभ का उद्घाटन माननीय योगी आदित्यनाथ ने किया था।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Publication | Live Hindustan | Publishing Date : | 29 JAN 2025 | Online |

https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/lucknow/story-cultural-hub-attracts-thousands-daily-at-kumbh-mela-in-lucknow-201738081490417.html

# सांस्कृतिक झांकी कर रही है श्रद्धालुओं को आकर्षित

By Harshit

On 28 Jan 2025 20:24:16



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ के सेक्टर 7 में संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित कलाकुम्भ श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। इस प्रदर्शनी में रोजाना औसतन नौ से दस हजार लोग प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर, पुरातात्विक इतिहास और 3डी माध्यम से महाकुम्भ की जानकारी का अनुभव ले रहे हैं।

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कलाकुम्भ का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। नागवासुकी क्षेत्र में दो लाख वर्गफीट क्षेत्र में फैला यह कलाकुम्भ सांस्कृतिक और कलात्मक गतिविधियों के साथ-साथ महाकुम्भ के ऐतिहासिक दस्तावेजों की प्रदर्शनी प्रस्तुत कर रहा है।

| Publication | अद्भुत समाचार | Publishing Date : | 29 JAN 2025 | Online |
|---|---|---|---|---|

https://adbhutsamachar.com/news/14278

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं को लुभा रहीं सांस्कृतिक झांकी

अन्य खबरे — *Jan 28, 2025 at 06:48 PM , by ADBHUT SAMACHAR , 47*

कलाकुंभ में प्रतिदिन पहुंच रहे औसतन नौ से दस हजार लोग

संस्कृति विभाग के कलाकुंभ में दर्शक 150 वर्ष पुराना इतिहास देख सकते हैं
-जयवीर सिंह

लखनऊ: 28 जनवरी 2025

स्वच्छ सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित महाकुम्भ प्रयागराज के सेक्टर 07 में संस्कृति विभाग द्वारा लगाए गए कलाकुंभ में अभिलेखों की अनूठी प्रदर्शनी श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां प्रतिदिन औसतन 09 से 10 हजार लोग प्रदेश की कला संस्कृति, पुरातत्व के साथ 3डी माध्यम से महाकुंभ की जानकारी ले रहे हैं। बीते एक पखवारे में लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों ने कलाकुंभ का भ्रमण किया है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Publication | Bulletins of India | Publishing Date : | 29 JAN 2025 | Online |

https://bulletinsofindia.in/%E0%A4%AE%E0%A4%B9%E0%A4%BE%E0%A4%95%E0%A5%81%E0%A4%82%E0%A4%AD-%E0%A4%AE%E0%A5%87%E0%A4%82-%E0%A4%B6%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A4%A6%E0%A5%8D%E0%A4%A7%E0%A4%BE%E0%A4%B2%E0%A5%81%E0%A4%93%E0%A4%82/

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं को लुभा रहीं सांस्कृतिक झांकी

By **Bureau Desk** — Last updated **Jan 28, 2025**

अध्यात्म उत्तर प्रदेश महाकुम्भ 2025



Share 2

स्वच्छ सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित महाकुम्भ प्रयागराज के सेक्टर 07 में संस्कृति विभाग द्वारा लगाए गए कलाकुंभ में अभिलेखों की अनूठी प्रदर्शनी श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां प्रतिदिन औसतन 09 से 10 हजार लोग प्रदेश की कला संस्कृति, पुरातत्व के साथ 3डी माध्यम से महाकुंभ की जानकारी ले रहे हैं। बीते एक पखवारे में लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों ने कलाकुंभ का भ्रमण किया है।

| Publication | Samachar Agency | Publishing Date : | 29 JAN 2025 | Online |
|---|---|---|---|---|

https://samacharagency.com/utter-pradersh/utter-pradersh-news/cultural-tableau-is-attracting-devotees/




*January 28, 2025*

# सांस्कृतिक झांकी कर रही है श्रद्धालुओं को आकर्षित

*Posted By: MANOJ RAO* /

#amey_khare, #audio_bulletin, #hrishina_khare, #LIMTY_KE_LALTEN, #limty_khare, #PENCH_NATIONAL_PARK, #sai_news, #SAMACHAR_ AGENCY_ OF_ INDIA, #shaiv_khare, #SHIV_KE_NAGRE, #shivi_khare, #today's_temperature, #आज_का_तापमान, #आडियो_बुलेटिन, #कुंभ_मेला_प्रयागराज_2025, #पचांग, #पेंच_नेशनल_पार्क, #लिमटी_की_लालटेन, #लिमटी_खरे, #शिव_की_नगरी, #सपादकीय, #समाचार_एजेंसी_ऑफ_इंडिया, #समाचार_एजेंसी_ऑफ_इंडिया_लाईव, #साई_न्यूज, #साई_न्यूज_लाईव, article, chutkule, commerce, editorial, entertainment, EPAPER, Health, kumbh_mela_prayagraj_2025, MP22, NEWS, panchang, SEONI, आलेख, चुटकुले, मनोरंजन, राशिफल, लेख, व्यापार, समाचार, सिवनी, स्वास्थ्य

***(मणिका सोनल)***

***महाकुंभ नगर (साई)। महाकुंभ 2025 के सेक्टर 07 में संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित कलाकुंभ श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। इस प्रदर्शनी में रोजाना औसतन नौ से दस हजार लोग प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर, पुरातात्विक इतिहास और 3डी माध्यम से महाकुंभ की जानकारी का अनुभव ले रहे हैं। बीते पंद्रह दिनों में लाखों श्रद्धालु इस अनूठे आयोजन का हिस्सा बन चुके हैं।***